''**कार्यालय जनपद न्यायाधीश, जनपद गाजियाबाद ।**

दिनांक 27.05.2015

सार्वजनिक सूचना

न्यायालय परिसर, राजनगर, गाजियाबाद में दिनांक 01.07.2015 से 31.03.2016 तक की अवधि के लिए कैन्टीन का ठेका छोडे जाने हेतु इच्छुक व्यक्तियों/फर्मो से दिनांक 15 जून, 2015 की सांय 04.00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं । ठेका न्यायालय भवन, गाजियाबाद के सामने 50 X 14 फीट के स्थान में संचालित किया जायेगा ।

निविदा फार्म एंव निविदा सम्बन्धी शर्ते किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक जनपद न्यायालय, गाजियाबाद के नजारत कार्यालय से रूपये 100/– (एक सौ) जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं ।

निविदा फार्म के साथ जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद के पक्ष में देय रूपये 10,000/– (दस हजार) का बैंक डिमांड ड्राफ्ट/चैक/नकद दिनांक 15 जून, 2015 की अपराह्न 04.00 बजे तक जमा करना होगा । उक्त निविदाएं उसी दिन सायं 04.00 बजे नीलाम समिति के समक्ष खोली जायेंगी ।

निर्धारित फार्म के अतिरिक्त अन्य प्रारूप पर प्रेषित निविदाएं स्वीकार्य नही होंगी ।''

28/5/15

अध्यक्ष, नीलाम समिति/
विशेष न्यायाधीश, एस.सी./एस.टी. एक्ट,
गाजियाबाद ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु :–

1– नोटिस बोर्ड, जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद ।
2– नोटिस बोर्ड, जिलाधिकारी, गाजियाबाद ।
3– नोटिस बोर्ड, नगर निगम, जनपद गाजियाबाद ।
4– तहसीलदार, सदर, जनपद गाजियाबाद ।
5– नोटिस बोर्ड, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।
6– स्थानीय समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु ।
7– कम्प्यूटर विभाग को इस जनपद एंव माननीय उच्च न्यायालय की वैबसाईट पर प्रकाशन हेतु ।